# युवा उद्यमी विकास अभियान में 61,500 आवेदन

**राज्य ब्यूरो, जागरण● लखनऊ:** युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत 61,500 युवाओं ने आवेदन किया है, जबकि प्रदेश भर से 1.5 लाख युवाओं ने इसके लिए पंजीकरण कराया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस के मौके पर 24 जनवरी को अभियान की शुरूआत की थी।

अभियान के तहत प्रति वर्ष 18 से 40 आयुवर्ग के एक लाख युवाओं को अपना उद्यम या कारोबार स्थापित करने के लिए बिना गारंटी के पांच लाख रुपये तक का ब्याजमुक्त ऋण दिलाया जा रहा है। अभियान के तहत सरकार ने दस वर्षों तक दस लाख युवाओं को स्टार्टअप के लिए प्रोत्साहित करने का लक्ष्य रखा है। प्रदेश में 9,912 आवेदकों के ऋण स्वीकृत हो चुके हैं जिनमें से 2,306 आवेदकों को ऋण वितरित किया जा चुका है।